# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890








**भीलवाड़ा फोकस ( कपिल ) बारिश के बाद फिर जीवंत हुआ मेनाल झरनाः मंगलवार की बारिश से ऐतिहासिक मेनाल जलप्रपात ने रफ्तार पकड़ ली। 150 फीट गहरी घाटी में गिरती जलधारा और चारों ओर फैली हरियाली ने पर्यटन स्थल की रौनक बढ़ा दी, जिससे पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ने लगी है।**

## बात करने का बहाना कर युवक को उसके घर बुलाया, दरवाजा खोलते ही रिश्तेदारों ने चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत



शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित चपरासी कॉलोनी में मंगलवार को पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर उसके ही घर में घुसकर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर गांधीनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

घायल अभिषेक सेन पुत्र श्यामलाल सेन उम्र 26 वर्ष निवासी चपरासी कॉलोनी ने बताया कि उसकी घीसूलाल सेन निवासी लांबिया से करीब तीन वर्ष से रंजिश चल रही थी, हालांकि दोनों पक्षों के बीच पहले समझौता हो चुका था। अभिषेक का कहना है कि मंगलवार को घीसूलाल ने फोन कर कहा कि बैठकर बात करनी है और उसे उसके घर आने के लिए कहा। वह काम से आधे दिन की छुट्टी लेकर अपने घर पहुंचा। कुछ देर बाद घीसूलाल सेन निवासी लांबिया, करण सेन , मुकेश तेली, लीला देवी और घीसू लाल की पत्नी उसके घर पहुंचे और जैसे ही उसने अपने घर का दरवाजा खोला करण ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और आंख में उंगली डालकर घायल कर दिया। इसके बाद घीसूलाल ने उसके पैर पर चाकू से वार किया, जबकि अन्य लोगों ने भी मेरे साथ मारपीट करी।

घटना की सूचना पर गांधीनगर थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और घायल से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस घायल के बयान के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है

## 281 चेहरों पर लौटी मुस्कानः भीलवाड़ा पुलिस ने खोज निकाले गुम और चोरी हुए मोबाइल, मालिकों को सौंपे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत



भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के नेतृत्व में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाकर उन्हें राहत और खुशी दी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलेभर के 281 मोबाइल फोन उनके मूल मालिकों को सुपुर्द किए गए।

जिला पुलिस गुम और चोरी हुए मोबाइल की तलाश के लिए लगातार अभियान चला रही है। वहीं, मोबाइल चोरी के मामलों में विशेष टीम गठित कर आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने भीलवाड़ा पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक सागर राणा का आभार जताया।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने बताया कि यह पुलिस का एक महत्वपूर्ण जनसहायता अभियान है। इसके तहत गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में मोबाइल रिकवरी का प्रतिशत 70.8 फीसदी है। कई मामलों में मोबाइल गुम हो जाते हैं, जबकि कई मामलों में चोरी हो जाते हैं। चोरी के मामलों में गठित विशेष टीम आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी कर रही है।

कार्यक्रम में शामिल एक महिला ने बताया कि उनका मोबाइल नवंबर 2023 में गुम हो गया था। गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद हाल ही में पुलिस ने मोबाइल बरामद कर उन्हें वापस सौंप दिया। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है और उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह लोगों के गुम हुए मोबाइल उन्हें वापस मिलते रहेंगे।

## लक्ष्मी निवास में लगातार दूसरे दिन पैंथर की चहलकदमी, कार सवार परिवार से हुआ आमना-सामना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**शुभम।** क्षेत्र के लक्ष्मी निवास गांव में लगातार दूसरे दिन पैंथर की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे बिजोलिया खरीदारी के लिए कार से आ रहे एक परिवार के सामने आबादी क्षेत्र के पास खेत की पत्थर की दीवार पर पैंथर बैठा नजर आया। परिवार ने सूझबूझ दिखाते हुए कार रोककर हेडलाइट बंद की और वाहन पीछे ले लिया। कुछ ही देर बाद पैंथर खेतों की ओर चला गया। इस दौरान पूरी घटना मोबाइल कैमरे में कैद हो गई।

लक्ष्मी निवास निवासी अनिल धाकड़ ने बताया कि वह परिवार के साथ बिजोलिया शॉपिंग के लिए जा रहे थे। गांव के समीप अचानक पैंथर दिखाई दिया। स्थिति को भांपते हुए उन्होंने कार पीछे कर ली, जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को भी इसी क्षेत्र में पैंथर की चहलकदमी देखी गई थी। उस दौरान उसने एक गाय के बछड़े का शिकार कर दिया था। लगातार दूसरे दिन पैंथर के आबादी के नजदीक पहुंचने से लोगों में भय का माहौल है। शाम ढलते ही लोग खेतों और सुनसान रास्तों पर जाने से बच रहे हैं।

ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव के आसपास तत्काल पिंजरा लगाने, नियमित गश्त बढ़ाने और पैंथर का सुरक्षित रेस्क्यू करने की मांग की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से पहले स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


## 296.7 किलो अफीम डोडा चूरा तस्करी में 15 साल की सजा, एनडीपीएस कोर्ट ने लगाया 1.50 लाख का जुर्माना


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ भीलवाड़ा की एनडीपीएस कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए अफीम डोडा चूरा तस्करी के मामले में आरोपी सुरेश बिश्नोई निवासी जोधपुर को 15 वर्ष के कठोर कारावास तथा ?1.50 लाख के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने बताया कि तत्कालीन मांडलगढ़ कार्यवाहक थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा को सीआईडी-सीबी जयपुर के तत्कालीन एएसपी सूर्यवीर सिंह से सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो वाहन में बड़ी मात्रा में अफीम डोडा चूरा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने धाकड़खेड़ी जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की।

पुलिस को देखते ही स्कॉर्पियो में सवार दो व्यक्ति भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर एक आरोपी सुरेश बिश्नोई को मौके से पकड़ लिया, जबकि उसका साथी सहीराम बिश्नोई फरार हो गया। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो से 15 कट्टों में भरा 296 किलो 700 ग्राम अफीम डोडा चूरा, 20 लीटर पेट्रोल से भरी जरीकेन तथा एक लोहे की धाथली बरामद कर जब्त की गई।



मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोप सिद्ध करने के लिए 107 दस्तावेज और 11 गवाह पेश किए। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 15 वर्ष के कठोर कारावास और ?1.50 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई।

# बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जेसीबी व दो ट्रॉलियां जब्त

## गंधेरी क्षेत्र में दबिश देकर बजरी से भरे वाहन पकड़े, प्रकरण दर्ज; अवैध खनन में शामिल लोगों की तलाश जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने मंगलवार को बनास नदी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन में लगी एक जेसीबी मशीन और बजरी से भरी दो ट्रॉलियां जब्त की हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम जांच शुरू कर दी है।



थाना प्रभारी रामेश्वर लाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने बनास नदी के गंधेरी क्षेत्र में दबिश देकर अवैध बजरी खनन और परिवहन करते हुए वाहनों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार जब्त जेसीबी और ट्रॉलियों में अवैध रूप से खनन की गई बजरी भरी हुई थी। कार्रवाई के दौरान वाहनों को कब्जे में लेकर संबंधित प्रकरण दर्ज किया गया।

पुलिस ने बताया कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई में हेड कांस्टेबल गोपेश कुमार, कांस्टेबल नेतराम और जयनारायण सहित पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही।

# चलती बाइक की हेडलाइट से निकला सांप का बच्चा, चालक के हाथ पर चढ़ा; सूझबूझ से टला हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास कस्बे में मंगलवार को एक अनोखी घटना सामने आई। चलती बाइक की हेडलाइट के भीतर छिपा सांप का बच्चा अचानक बाहर निकलकर चालक के हाथ पर चढ़ गया। इससे चालक घबरा गया, लेकिन उसने सूझबूझ दिखाते हुए बाइक पर नियंत्रण बनाए रखा और पास की एक बाइक रिपेयरिंग दुकान तक पहुंच गया। वहां हेडलाइट खोलकर सांप के बच्चे को बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार सिंगोली क्षेत्र के नरसिंह सागर निवासी एक युवक बाइक से भीलवाड़ा जा रहा था। बड़लियास-सवाईपुर मार्ग पर विद्युत ग्रिड के पास पहुंचते ही बाइक की आगे की हेडलाइट के भीतर से अचानक सांप का बच्चा निकलकर उसके हाथ पर आ गया। अचानक हुई घटना से चालक कुछ पल के लिए घबरा गया और बाइक का संतुलन बिगड़ने लगा, लेकिन उसने समय रहते बाइक को संभाल लिया।


इसके बाद वह पास की एक बाइक रिपेयरिंग दुकान पर पहुंचा, जहां मैकेनिक ने हेडलाइट खोलकर काफी मशक्कत के बाद सांप के बच्चे को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

# भीलवाड़ा में घर-घर होगा प्रवासन सर्वे, आमजन से सहयोग की अपील

## एनएसएस के 81वें दौर के तहत 10 चयनित क्षेत्रों में जुटाए जाएंगे सामाजिक व आर्थिक आंकड़े

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 81वें दौर के तहत भीलवाड़ा जिले में प्रवासन विषय पर सर्वेक्षण किया जाएगा। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ. सोनल राज कोठारी ने बताया कि प्रथम चरण जुलाई से सितंबर 2026 तक चलेगा।



सर्वे के तहत जिले के 7 ग्रामीण और 3 शहरी सहित कुल 10 चयनित क्षेत्रों में प्रशिक्षित कार्मिक घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। अगस्त के पहले सप्ताह में लेबर कॉलोनी, गायत्री नगर और आर.सी. व्यास कॉलोनी में सर्वे किया जाएगा।

सर्वेक्षण में रोजगार, शिक्षा, विवाह, मौसमी पलायन और अन्य कारणों से होने वाले प्रवासन के साथ प्रवासी परिवारों को मिलने वाली स्वास्थ्य, आवास, राशन एवं रोजगार योजनाओं जैसी सुविधाओं की स्थिति का भी आकलन किया जाएगा। डॉ. कोठारी ने आमजन से सही जानकारी देकर सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सर्वे में दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी।

# अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और बाइक जब्त


## पुलिस को देखकर चालक और एस्कॉर्ट कर रहा बाइक सवार फरार, संगठित गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज


**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

**(रोशन )।** राज्य अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने मंगलवार को बनास नदी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे तीन बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉलियां तथा खनन में एस्कॉर्ट कर रही एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस ने संगठित गिरोह के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया की हेड कांस्टेबल सांवलदान मय जाप्ता गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जीवा का खेड़ा स्थित बनास नदी में अवैध बजरी खनन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो खनन में एस्कॉर्ट कर रहा एक मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर खेतों की ओर फरार हो गया।

मौके पर बिना नंबर की तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध बजरी से भरी मिलीं। पुलिस को देखकर दो चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकले, जबकि तीसरे चालक ने ट्रॉली का हाइड्रोलिक उठाकर बजरी खाली कर दी और वह भी खेतों





की ओर फरार हो गया। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन सभी आरोपी भागने में सफल रहे।

पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ एक मोटरसाइकिल जब्त कर थाना परिसर में खड़ी कराई। वाहन चालकों एवं मालिकों के खिलाफ संगठित गिरोह बनाकर अवैध बजरी खनन और परिवहन का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को भी सूचना भेज दी गई है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा, सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश

## टीबी मरीजों की समय पर जांच, हाई रिस्क गर्भवतियों की निगरानी पर जोर; उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं का सम्मान





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार मंगलवार को आईएमए हॉल में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, समयबद्ध मॉनिटरिंग तथा आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हाई रिस्क क्षेत्रों में अधिक से अधिक संभावित मरीजों की एक्स-रे जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण ने ग्रामीण क्षेत्रों में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उनके हीमोग्लोबिन और रक्तचाप की नियमित जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

**उत्कृष्ट कार्य पर आशा सहयोगिनियों का सम्मान**

बैठक के दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन आशा सहयोगिनियों को अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर एवं डॉ. प्रदीप कटारिया ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**मौसमी बीमारियों और स्नेक बाइट पर प्रशिक्षण**

बैठक के बाद चिकित्सा अधिकारियों के लिए मौसमी बीमारियों एवं सर्पदंश (स्नेक बाइट) के उपचार पर आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। डॉ. दौलत मीणा ने सर्पदंश के वैज्ञानिक उपचार एवं आपातकालीन प्रबंधन की जानकारी दी। वहीं प्रो. डॉ. रंजीत मौर्य ने मलेरिया, डेंगू और स्क्रब टायफस के उपचार प्रोटोकॉल समझाए तथा डॉ. संजय जैन ने इन बीमारियों की रोकथाम और प्रभावी प्रबंधन पर चिकित्सकों का मार्गदर्शन किया।

बैठक में अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डॉ. स्वाति मित्तल, जिले के सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी तथा सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्यात बढ़ाने, सीएसआर और औद्योगिक समस्याओं पर मंथन, अधिकारियों ने दिए जरूरी निर्देश

## पौधारोपण, जल संरक्षण और स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार में उद्योगों से सहयोग का आह्वान



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय परिसर में जिला निर्यात संवर्धन समिति, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) जिला स्तरीय स्थायी समिति तथा विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र (डीआरएम) की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों, विभागीय अधिकारियों एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में सहायक महानिदेशक विदेश व्यापार के.सी. मीणा ने डीजीएफटी की योजनाओं की जानकारी देते हुए जिले के निर्यात को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। वहीं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रतिभा देवटिया ने मिशन हरियालो राजस्थान और वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत अधिक पौधारोपण, जियो टैगिंग तथा स्कूलों के जर्जर भवनों के सीएसआर के माध्यम से जीर्णोद्धार के लिए उद्योगों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

डीआरएम बैठक में रीको औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उद्यमियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए संयुक्त सेमिनार आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि 11 से 13 अगस्त तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले 12वें इंडिया इंटरनेशनल एमएसएमई एक्सपो ट्रेड फेयर में भाग लेने वाली एमएसएमई इकाइयों को ओडीओपी एवं एमएसएमई पॉलिसी-2024 के तहत स्टॉल किराए का 75 प्रतिशत तक पुनर्भरण उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी चरणदास बैरवा, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## शरीर के बाहरी मेल पर नहीं, आत्मा के मैल को धोने का करें प्रयास, तभी होगा भवसागर से पार : रविन्द्र मुनि

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।



**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ गौरव एवं प्रखर वक्ता पूज्य गुरुदेव श्री रविन्द्र मुनि महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि मनुष्य शरीर के बाहरी मेल को धोने और उसे सजाने-संवारने में तो बहुत समय, धन और ऊर्जा खर्च करता है, लेकिन आत्मा पर चढ़े राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया और लोभ रूपी मैल को दूर करने का प्रयास नहीं करता। जब तक आत्मा का मैल समाप्त नहीं होगा, तब तक वास्तविक शांति और भवसागर से मुक्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बाहरी स्वच्छता आवश्यक है लेकिन उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण आत्मिक शुद्धि है। तप, त्याग, संयम, स्वाध्याय, ध्यान और धर्म आराधना के माध्यम से आत्मा को निर्मल बनाया जा सकता है। यदि मनुष्य बाहरी आडंबर और व्यर्थ के खर्चों को सीमित कर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़े तो उसका जीवन सार्थक बन सकता है। रविन्द्र मुनि ने कहा कि चातुर्मास आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और धर्म साधना का श्रेष्ठ अवसर है। इस अवधि में प्रत्येक व्यक्ति को अपने दोषों का निरीक्षण करते हुए उन्हें दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सफलता बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि आत्मा की पवित्रता और सदाचार में निहित है।

प्रवचन के अंत में श्रद्धालुओं से नियमित धर्म आराधना, नवकार मंत्र का जाप, स्वाध्याय तथा संयमपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के प्रेरक प्रवचनों का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस दौरान श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, चातुर्मास समिति के अध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना ने चातुर्मास में आयोजित सभी कार्यक्रमो में अधिक से अधिक श्रावक-श्राविकाओं को उपस्थित होने का आह्वान किया। साथ ही तप आराधना कर चातुर्मास को सफल बनाने पर जोर दिया।

## बारिश की कामना को लेकर बरूदनी पूरी तरह बंद, माता रानी की शरण में उमड़ा आस्था का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास




**( रोशन )** बरूदनी क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से चिंतित ग्रामीणों ने मंगलवार को अच्छी बारिश की कामना को लेकर अनूठी धार्मिक आस्था का परिचय दिया। बरूदनी कस्बे में व्यापारियों ने स्वेच्छा से बाजार बंद रखा और गांव के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, युवा एवं श्रद्धालु माता रानी के दरबार में एकत्रित हुए।

इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में अच्छी वर्षा, किसानों की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारों के साथ सामूहिक रूप से क्षेत्र में सुख-शांति एवं भरपूर बारिश की कामना की। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कहा कि वर्षा की कमी से खरीफ फसलें प्रभावित हो रही हैं, इसलिए सभी ने एकजुट होकर ईश्वर से अच्छी वर्षा की प्रार्थना की।

इस अवसर पर गांव के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी, किसान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का भाव देखने को मिला।




# गुरु और परमात्मा में कोई अंतर नहीं, दोनों एक स्वरूपः आचार्य रामदयालजी महाराज


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचंद पेसवानी।** गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर माणिक्यनगर रामद्वारा धाम में आयोजित 'विश्व शांति कल्याण' चातुर्मास सत्संग में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के पीठाधीश्वर जगद्गुरु आचार्य स्वामी श्री रामदयालजी महाराज ने कहा कि गुरु और परमात्मा में कोई अंतर नहीं है। दोनों एक-दूसरे में ही विराजमान हैं और गुरु की कृपा से ही जीवन का वास्तविक मार्ग मिलता है।

उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा संतों और सद्गुरुओं की देन है। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व निर्माण में भी गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने श्रद्धालुओं से शास्त्रों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

सत्संग में संत मनोरथरामजी ने मानस प्रवचन तथा संत प्रीतमरामजी ने भजन प्रस्तुत किए। अंत में श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री की आरती उतारी।

### आज गुरु पूर्णिमा पर विशेष आयोजन

बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर माणिक्यनगर रामद्वारा धाम में प्रातः 4 बजे से पूजन, आरती, गुरु पूजन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे। सुबह 11:30 बजे सामूहिक महाआरती आयोजित होगी। देश-विदेश से बड़ी संख्या में रामस्नेही श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# गुरुपूर्णिमा विशेषः रामनाम की राजधानी शाहपुराः जहां से विश्वभर में फैली रामस्नेही परंपरा की ज्योति


## रामनिवास धाम की आचार्य परंपरा में भीलवाड़ा जिले के तीन संत बने प्रधान पीठाधीश्वर


भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा


**मूलचन्द पेसवानी।** राजस्थान का शाहपुरा नगर अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय की प्रधान पीठ रामनिवास धाम के कारण विश्वभर में रामनाम की राजधानी के रूप में पहचान रखता है। महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज द्वारा स्थापित यह धाम आज निर्गुण-निराकार रामभक्ति, सेवा, समता और गुरु परंपरा का प्रमुख केंद्र है।


गुरुपूर्णिमा के अवसर पर एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्य सामने आता है कि रामनिवास धाम की गौरवशाली आचार्य परंपरा में भीलवाड़ा जिले के तीन संतों ने प्रधान पीठ के आचार्य पद को सुशोभित किया। इस तथ्य की पुष्टि संप्रदाय के इतिहास ग्रंथों एवं वरिष्ठ संतों ने की है।

महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज ने वर्ष 1760 में रामस्नेही संप्रदाय की स्थापना की तथा 1769 में शाहपुरा आगमन के बाद रामनिवास धाम की स्थापना हुई। उनके ब्रह्मलीन होने तक देशभर में करीब 1600 रामद्वारे स्थापित हो चुके थे और सैकड़ों संत रामनाम का प्रचार कर रहे थे।




### भीलवाड़ा के तीन आचार्य

रामस्नेही संप्रदाय के प्रथम आचार्य स्वामी रामजनजी महाराज (सरसिया चारणान), छठे आचार्य स्वामी हरिदासजी महाराज (आगूचा) तथा आठवें आचार्य स्वामी दिलशुद्धरामजी महाराज (अभयपुर) भीलवाड़ा जिले की पावन भूमि से जुड़े रहे। तीनों ने अपने कार्यकाल में संप्रदाय के विस्तार और आध्यात्मिक परंपरा को नई दिशा दी।

# ब्लैक डे पर शाहपुरा की हुंकारः 'जिला बहाल करो, वादा निभाओ'

## 14वां स्मरण पत्र सौंपा, अधिवक्ताओं ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार; आंदोलन तेज करने का ऐलान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**मूलचन्द पेसवानी।** शाहपुरा को पुनः जिला घोषित कराने की मांग को लेकर मंगलवार को संघर्ष समिति के नेतृत्व में 'ब्लैक डे' मनाया गया। उपखंड कार्यालय के बाहर नागरिकों, अधिवक्ताओं और संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम 14वां स्मरण पत्र उपखंड अधिकारी को सौंपा।

संघर्ष समिति के महासचिव एडवोकेट कमलेश मुंडेतिया ने कहा कि यह आंदोलन क्षेत्र के सम्मान और विकास की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार ज्ञापन और वार्ता के बावजूद सरकार ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया, जिससे जनता में आक्रोश है।

हर माह की 28 तारीख को ब्लैक डे मनाने की परंपरा के तहत प्रदर्शनकारियों ने 'शाहपुरा जिला बहाल करो' और 'वादा निभाओ, जिला लौटाओ' के नारे लगाए। संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा और संयोजक रामप्रसाद जाट ने सरकार से पूर्व दिए गए आश्वासन को पूरा करने की मांग की। इस दौरान अभिभाषक संस्था शाहपुरा ने भी आंदोलन का समर्थन करते हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं का कहना था कि जिला समाप्त होने से आमजन को प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों में परेशानी उठानी पड़ रही है।

प्रदर्शन के बाद हुई समीक्षा बैठक में आंदोलन को और तेज करने का निर्णय लिया गया। संघर्ष समिति ने कहा कि यदि जल्द निर्णय नहीं हुआ तो पंचायत और नगर निकाय चुनावों में भी जिले की बहाली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। सरकार से संवाद के लिए पांच सदस्यीय समिति का भी गठन किया गया।

कार्यक्रम में संघर्ष समिति, अभिभाषक संस्था तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आंदोलनकारियों ने एक स्वर में कहा कि शाहपुरा को पुनः जिला घोषित होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

# पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुई चतुर्थ श्रीमद्भागवत कथा, गुरु पूर्णिमा पर आज महाप्रसादी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।




खामोर के रामपुरा रोड स्थित ब्रह्मलीन संत रामनिवास दास महाराज (खाखीजी महाराज) की समाधि स्थल पर गुरु स्मृति में आयोजित चतुर्थ श्रीमद्भागवत कथा मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार, पूर्णाहुति, महाआरती एवं महाप्रसादी के साथ संपन्न हुई। सातवें एवं अंतिम दिन कथावाचक पंडित केदार महाराज ने श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन, सुदामा चरित्र, भागवत माहात्म्य एवं राजा परीक्षित मोक्ष का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को भक्त का निष्कपट प्रेम और समर्पण सबसे प्रिय है। कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह और श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन की झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

आयोजक गोपाल तेली ने बताया कि गुरु रामनिवास दास महाराज की स्मृति में पिछले चार वर्षों से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। समाधि परिसर एवं परिक्रमा क्षेत्र का करीब 50 लाख रुपये की अनुमानित लागत से विकास कराया गया है।

### आज होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

गुरु पूर्णिमा पर समाधि स्थल पर विशेष पूजा-अर्चना, गुरु चरण वंदन, महाआरती तथा हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशाल महाप्रसादी का आयोजन होगा। क्षेत्र सहित दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

समाधि स्थल को लेकर क्षेत्र में गहरी आस्था है। स्थानीय जनमान्यता के अनुसार श्रद्धापूर्वक पांच सोमवार तक यहां दर्शन-पूजन करने से कान संबंधी कष्टों में लाभ मिलता है। इसी विश्वास के चलते प्रत्येक सोमवार बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

# सवाईपुर क्षेत्र में मेघा मेहरबान, किसानों के खिले चेहरे

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार दोपहर को मेघा आखिर मेहरबान हो ही गये, तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे । सवाईपुर कस्बे सहित बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ढ़ेलाणा, ड़साणिया का खेड़ा आदि कई गांवों में मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला और दोपहर ढ़ाई बजे बारिश का दौर शुरू हुआ, क्षेत्र में आधा घंटे तक तेज बारिश का दौर चला । तेज बारिश से गांव की गलियों व सड़कों पर पानी सरपट दौड़ने लगा, जिसमें बच्चों ने बारिश का खुब मजा लिया, पानी में एक-दुसरे से अठखेलियां करने लगे । क्षेत्र में बीते 24 घंटे में 16 एमएम बारिश दर्ज की गई । क्षेत्र में सोमवार रात्रि को भी रिमझिम बारिश हुई । इस बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिले गए, क्योंकि क्षेत्र में 20 दिनों बाद तेज बारिश देखने को मिली ।।



# गुरु रविदास जयंती पर भाजपा का समरसता संकल्प अभियान आज से, सातों विधानसभाओं में पहुंचेगा पवित्र कलश

## 20 फरवरी तक चलेंगे विभिन्न कार्यक्रम, सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार 29 जुलाई से राष्ट्रव्यापी समरसता संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला आयोजित हुई।



प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना ने बताया कि अभियान 29 जुलाई से 20 फरवरी तक चलेगा। इसके तहत गुरु पूर्णिमा पर गुरु रविदास मंदिरों एवं अन्य मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन कर समरसता का संकल्प दिलाया जाएगा। वाराणसी स्थित गुरु रविदास की जन्मस्थली गोवर्धनपुर से आने वाला पवित्र कलश भीलवाड़ा जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों में भी पहुंचाया जाएगा, जहां गुरु वाणी पाठ, भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि यह अभियान संत रविदास के समरसता, सेवा और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिला, विधानसभा एवं मंडल स्तर पर संयोजक और सहसंयोजकों की नियुक्ति की गई है।

कार्यशाला में विधायक जब्बर सिंह सांखला, उदयलाल भडाना, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निकाय चुनाव को लेकर भाजपा एक्शन मोड में, मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित

## 29 जुलाई से बूथ स्तर तक सक्रिय होगा संगठन, कांग्रेस मुक्त निकायों का लक्ष्य; सरकार की योजनाएं घर-घर पहुंचाने पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत राज चुनावों की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिले के सभी नगरीय निकायों से जुड़े मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन विस्तार और बूथ प्रबंधन पर चर्चा की गई।

प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना ने कहा कि आगामी चुनावों में सफलता के लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यक्तिगत भावनाओं से ऊपर उठकर 'संगठन सर्वोपरि' की भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को वार्ड और बूथ स्तर तक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। साथ ही सभी मंडलों में बूथ समितियों को सक्रिय कर वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।



जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा जिला संगठन ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों में जिले को कांग्रेस मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब पार्टी का लक्ष्य आगामी नगरीय निकाय चुनावों में भी कांग्रेस को पराजित कर जिले के निकायों में भाजपा का परचम लहराना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर पार्टी निकाय चुनावों में भी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

बैठक में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, कन्हैयालाल जाट, प्रहलाद त्रिपाठी सहित सुभाष, प्रताप, गणेश, शाहपुरा, जहाजपुर, गंगापुर, गुलाबपुरा, हमीरगढ़, मांडलगढ़, आसींद, बनेड़ा, बिजौलिया सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों को चुनावी तैयारियां तत्काल शुरू कर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

# चातुर्मास में तप आराधना का विराट स्वरूप, 300 से अधिक तपस्वियों ने लिए प्रत्याख्यान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनित चपलोत।** चातुर्मास के अंतर्गत शांतिभवन में आयोजित धर्मसभा में श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी महाराज के सान्निध्य में धर्मचक्र तप की आराधना का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान 300 से अधिक तपस्वी भाई-बहनों ने युवाचार्यश्री से सामूहिक रूप से दो उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किए।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी महाराज ने कहा कि तप आत्मशुद्धि और सकाम कर्मनिर्जरा की साधना है। तप का उद्देश्य केवल भोजन का त्याग नहीं, बल्कि आत्मा पर अनादिकाल से संचित कर्मों के मैल को दूर कर समता, संयम और आत्मजागरण विकसित करना है। उन्होंने कहा कि तप की वास्तविक शक्ति शरीर की पीड़ा में नहीं, बल्कि उस पीड़ा को समभाव से सहन करने में निहित है।

उन्होंने कहा कि कष्ट सह लेने मात्र से तप पूर्ण नहीं होता। यदि साधक विपरीत परिस्थितियों में भी मन की समता बनाए रखता है, तभी कर्मों की निर्जरा संभव होती है। तप का उद्देश्य यश, प्रदर्शन या सांसारिक उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मकल्याण और मोक्ष की दिशा में आगे बढ़ना है।



युवाचार्यश्री ने कहा कि धर्म मनुष्य को दूसरों के दुख का कारण बनने की नहीं, बल्कि सबके मंगल और सुख की भावना रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तप केवल उपवास तक सीमित नहीं, बल्कि आहार, भय, परिग्रह और विषय-वासनाओं पर विजय प्राप्त करने की साधना भी है।

धर्मसभा में महासती मधुकंवरजी, उपप्रवर्तिनी दिव्यज्योतिजी, महासाध्वी सुचेताजी, विदुषी प्रियदर्शना जी सहित 19 साधु-साध्वीवृंद का सान्निध्य रहा। शांतिभवन आनंद अनुभूति चातुर्मास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चीपड़ एवं शांतिजैन महिला मंडल की अध्यक्षा सिम्मी पोखरना ने बताया कि बुधवार को तीन उपवास की आराधना तथा गुरुवार को सभी तपस्वियों का सामूहिक पारणा शांतिभवन में आयोजित किया जाएगा।

# 2 अगस्त से शुरू होगा राष्ट्र संत पुलकसागरजी का चातुर्मास, सूर्यमहल में उमड़ रहे श्रद्धालु


## गुरु पूजन व धर्म चर्चा में हो रहा जिज्ञासाओं का समाधान, 1 अगस्त को गुरु गुणानुवाद और 2 अगस्त को मंगल कलश स्थापना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रख्यात राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पूज्य गुरुदेव पुलकसागरजी महाराज के सान्निध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित चातुर्मास का विधिवत शुभारंभ 2 अगस्त को चातुर्मासिक मंगल कलश स्थापना के साथ होगा। इससे पहले शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में प्रतिदिन गुरु पूजन, धर्म चर्चा एवं जिज्ञासा समाधान का क्रम जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि मंगलवार को भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रावक-श्राविकाएं गुरुदेव के दर्शन और आशीर्वाद के लिए पहुंचे। धर्म चर्चा के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका गुरुदेव ने समाधान किया। कार्यक्रम में आरके कॉलोनी एवं सुभाषनगर महिला मंडल ने गुरु पूजन किया, जबकि दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट का लाभ सेठिया परिवार ने प्राप्त किया।

समिति के संयोजक मनीष शाह ने बताया कि 1 अगस्त को चित्रकूटधाम में गुरु गुणानुवाद महोत्सव आयोजित होगा, जबकि 2 अगस्त को चातुर्मासिक मंगल कलश स्थापना होगी। दोनों कार्यक्रमों में



देशभर से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि 3 अगस्त से प्रतिदिन सुबह 8:30 से 10 बजे तक सूर्यमहल में नियमित चातुर्मासिक प्रवचन होंगे। वहीं 15 से 30 अगस्त तक चित्रकूटधाम में ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# बालिकाओं को पॉक्सो अधिनियम की दी कानूनी जानकारी, विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवाड़ी।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजोलिया में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर ने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम के तहत विद्यार्थियों के साथ होने वाले



यौन अपराधों से संरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत शिकायत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य आरक्षक सुरेंद्र सिंह शेखावत, शारदा धाकड़, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा, हेमंत राठौड़, प्रधानाचार्य विनोद मीणा, मांगीलाल मीणा, रवि चमार, माधुरी, रसीला धाकड़ एवं सरिता चित्तौड़ा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## QUICK BITES

### मेहरूकला के प्राचीन नृसिंह मंदिर में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव, पूजन-अर्चन व प्रसादी का होगा भव्य आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

दिलखुश मोटीस



सावर उपखंड क्षेत्र के मेहरूकला स्थित प्राचीन नृसिंह मंदिर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा आयोजन समिति और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का माहौल है।

भक्त भानु प्रताप सिंह शक्तावत ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूज्य गुरुदेव हरिदास जी महाराज के सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:15 बजे बालाजी महाराज एवं ठाकुरजी के विधिवत पूजन-अर्चन से किया जाएगा।

इसके पश्चात प्रातः 10:15 बजे श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरु पूजन कर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव में भाग लेने एवं धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, छात्राओं को बताए गए अधिकार

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



( रोशन ) राजस्थान राज्य विधिक सेवा समिति, मांडलगढ़ के तत्वावधान में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, खटवाड़ा में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रिया मीणा के निर्देशन में किया गया।

शिविर में पीएलवी कमलेश सुखवाल ने छात्राओं को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, समान अवसर, शिक्षा, सम्मानजनक जीवन तथा सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में समानता एवं संवेदनशीलता की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्दुल्ला गाजी खान ने भी छात्राओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी तथा विधिक साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में कुल 115 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के दिनेश सिंह, सरोज, भोजा लाल जाट, पिंकी खटीक एवं गोपाल पाराशर सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

### आरजीएचएस में इलाज में देरी पर उठे सवाल, गंभीर मरीजों के लिए फास्ट ट्रैक व्यवस्था की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत सरकारी कर्मचारियों, उनके आश्रितों और पेंशनभोगियों को उपचार के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर स्वर्णकार समाज के प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ सदस्य दिलीप सोनी ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, आरजीएचएस निदेशक तथा संबंधित मंत्रियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सोनी ने कहा कि योजना का उद्देश्य लाभार्थियों को समय पर कैशलेस और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान में मरीजों को रेफरल, ऑनलाइन अप्रूवल और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण अनावश्यक देरी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में मरीजों को भीलवाड़ा से जयपुर, जयपुर से उदयपुर सहित अन्य अस्पतालों में बार-बार रेफर किया जाता है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों पर मानसिक, शारीरिक और आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ निजी अस्पताल आरजीएचएस योजना का दुरुपयोग कर पैकेज स्वीकृति, अतिरिक्त जांच और पुनः रेफरल के नाम पर मरीजों को परेशान कर रहे हैं, जिससे इलाज प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, न्यूरो सर्जरी सहित गंभीर बीमारियों के मरीजों के लिए उपचार में देरी जानलेवा साबित हो सकती है। दिलीप सोनी ने सरकार से मांग की कि गंभीर रोगियों के लिए आरजीएचएस पैकेज की समयबद्ध एवं फास्ट ट्रैक स्वीकृति व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही निजी अस्पतालों द्वारा किए जा रहे अनावश्यक रेफरल और इलाज में देरी की निष्पक्ष जांच कर दोषी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा लाभार्थियों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जाए।

उन्होंने कहा कि आरजीएचएस की प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने से यह योजना सरकारी कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों के लिए अधिक प्रभावी और भरोसेमंद साबित होगी।

### नेगड़िया खेड़ा मार्ग बदहाल, कीचड़ से होकर गुजरने को मजबूर ग्रामीण और श्रद्धाल

भीलवाड़ा फोकस @ कांगनी,



**राकेश शर्मा।** आजादी के 75 वर्ष बाद भी नाडा के बावजी मंदिर से नेगड़िया खेड़ा तक करीब एक किलोमीटर का मार्ग पक्का नहीं बन पाया है। बारिश के दौरान सड़क कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाने से ग्रामीणों, राहगीरों और खजुरिया बावजी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण नारायण जाट, नरेश पुरी गोस्वामी, मुकेश जाट और गोपाल जाट ने बताया कि भीलवाड़ा जिले की सीमा स्थित नेगड़िया खेड़ा तक जाने वाला यह मार्ग प्रतिदिन सैकड़ों लोगों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। बारिश होने पर सड़क पर कीचड़ भर जाने से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग पर स्थित खजुरिया बावजी धार्मिक स्थल पर प्रत्येक शनिवार बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बदहाल सड़क के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार शिकायत के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से मांग की है कि सड़क का डामरीकरण कराया जाए, ताकि बारिश के मौसम में लोगों और श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।